राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड,

राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर दुर्गापुरा, जयपुर – 302018

www.rsmssb.rajasthan.gov.in दूरभाष नं. 0141–2722520

क्रमांक : प.8 (38)प.आ./ RSMSSB/संगणक/2018/ 115 दिनांक: 03-05-2018

–:: विज्ञप्ति ::–

संगणक सीधी भर्ती परीक्षा, 2018 के समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि :–

1. **परीक्षा दिनांक 05.05.2018 (शनिवार) को प्रातः 11:00 बजे से अपरान्ह 01:00 बजे के मध्य निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी।**
2. प्रोविजनल ई–प्रवेश पत्र बोर्ड की वेबसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in से डाउनलोड करने की सुविधा दिनांक 28.04.2018 से प्रदान कर दी गयी है। अतः परीक्षार्थी अपना ई–प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लें। बोर्ड द्वारा परीक्षार्थियों को अलग से प्रवेश पत्र प्रेषित नहीं किये जायेंगे।
3. रेल/बस की छत या पायदान पर बैठकर/खड़े होकर यात्रा नहीं करें। परीक्षा केन्द्र पर एवं यात्रा के दौरान अनुशासन बनाये रखें, अन्यथा आपके विरूद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज होने पर आपकी परीक्षा निरस्तीकरण की कार्यवाही भी की जा सकती है।
4. **परीक्षा केन्द्र पर प्रात 09:30 बजे अपनी उपस्थिति देवें** ताकि तलाशी के उपरान्त आप समय पर परीक्षा कक्ष में नियत स्थान पर बैठ सकें।
5. **परीक्षा केन्द्रों पर नकल की रोकथाम के लिए बहुत ही प्रभावी उपाय किये गये हैं। परीक्षा में नकल कराने के नाम पर ठगी कराने वाले गिरोह के किसी झांसे/बहकावे में नहीं आवें। नकल करने के लिए किसी भी प्रकार के साधन का प्रयोग नहीं करें। नकल करने के प्रयास में पकडे जाने पर आपराधिक प्रकरण दर्ज होने के साथ–साथ आपकी परीक्षा निरस्त होने एवं आगे आयोजित होने वाली बोर्ड की परीक्षाओं में भाग लेने से रोक लगने से आपका कैरियर समाप्त हो सकता है!**
6. परीक्षा केन्द्र पर आपको अपना प्रोविजनल ई–प्रवेश पत्र, एक मूल फोटो युक्त पहचान पत्र यथा वोटर आई.डी. कार्ड, आधार कार्ड, पेनकार्ड, ड्राइविंग लायसेन्स आदि में से एक, 2.5cmX2.5cm साईज का नवीनतम एक रंगीन फोटो एवं एक नीली स्याही का पारदर्शी बाल पैन साथ लेकर आना है। इनके अलावा कोई अन्य सामग्री लेकर परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी।
7. परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थियों के प्रवेश के लिए निम्नानुसार ड्रेस कोड लागू की गयी है :–
   (i) पुरूष अभ्यर्थी आधी आस्तीन के शर्ट/टी–शर्ट, पैन्ट एवं हवाई चप्पल/स्लीपर पहन कर आयेंगे।
   (ii) महिला अभ्यर्थी सलवार सूट या साड़ी, आधी आस्तीन का कुर्ता/ब्लाउज, हवाई चप्पल/स्लीपर पहन कर एवं बालों में साधारण रबड बैण्ड लगा कर आयेंगी।
   (iii) परीक्षार्थियों को पूरी आस्तीन का कुर्ता, शर्ट, ब्लाउज आदि पहन कर एवं अपनी वेशभूषा में बड़ा बटन, किसी प्रकार के ब्रोच (जडाऊ पिन) या बैज या फूल आदि लगा कर आने की अनुमति नहीं होगी।
   (iv) परीक्षार्थी लाख/कांच की पतली चूडियों के अलावा किसी भी प्रकार के जेवरात यथा अन्य प्रकार की चूडियां, कान की बाली (Earring), अंगूठी, ब्रेसलेट पहनकर नहीं आयेंगे।
   (v) परीक्षार्थी परीक्षा में किसी भी प्रकार की घड़ी, जूते/सैण्डल, मौजे, धूप का चश्मा, बैल्ट, हैण्ड बैग, हेयर पिन, गण्डा/ताबीज, कैप/हैट, स्कार्फ, स्टॉल, शॉल, मफलर पहनकर शामिल नहीं हो सकेगें।
   (vi) यदि किसी वस्तु को पहनकर आने में या ड्रेस कोड में शामिल होने के संबंध में संदेह/विवाद हो तो इस संबंध में केन्द्र पर परीक्षा से जुड़े हुऐ अधिकारी का निर्णय मान्य होगा।

   परीक्षार्थी को ड्रेस कोड में आने पर ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश दिया जायेगा।

8. परीक्षा केन्द्र के संबंध में किसी कठिनाई की स्थिति में परीक्षार्थी द्वारा उस केन्द्र के जिले से संबंधित परीक्षा समन्वयक एवं जिला नियंत्रण कक्ष, जिनके दूरभाष नम्बर बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे, से संपर्क किया जा सकता है।

9. परीक्षाओं के सम्बन्ध में विभिन्न सोशल मीडिया पर किये जा रहे भ्रामक प्रचार पर विश्वास न करें। बोर्ड द्वारा राज्य स्तरीय प्रतिष्ठित समाचार–पत्रों में एवं बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर प्रकाशित विज्ञप्ति द्वारा दी गई जानकारी को ही अधिकृत माना जावे।

सचिव